कुलसचिव कार्यालय
बाँदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय बाँदा-210001, उ0प्र0
Banda University of Agriculture & Technology, Banda-210001, U.P.
Tele Fax No:- 05192-232305 Ph-05192-232312; website: buat.edu.in email-registrar.buat@gmail.com

पत्रांकः 778 / बीयूएटी / कु0स0 / 2025 दिनांकः 20 / 09 / 2025

सेवा में

समस्त उपाधि धारक छात्र / छात्राएं
कृषि / उद्यान / वानिकी एवं सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय
बाँदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बाँदा

मुझे यह सूचित करते हुए अत्यन्त हर्ष है कि बाँदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बाँदा के **"11वें दीक्षान्त समारोह" का आयोजन दिनांक 16 अक्टूबर, 2025, दिन गुरूवार** को विश्वविद्यालय प्रांगण में किया जा रहा है। इस समारोह में स्नातक में कृषि, उद्यान, वानिकी एवं सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालयों के बैच 2019, 2020 व 2021, परास्नातक में कृषि, उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालयों के बैच 2022 व 2023 एवं पी–एच0डी0 में कृषि एवं उद्यान महाविद्यालयों के बैच 2021 व 2022 की उपाधियाँ उत्तीर्ण छात्र / छात्राओं को प्रदान की जायेंगी। अतः आपको इस दीक्षान्त समारोह में उपाधि प्राप्त करने हेतु आमन्त्रित किया जाता है। आशा है कि आप इस पुनीत अवसर पर अवश्य सहभागी होंगे।

इस सम्बन्ध में निम्नलिखित निर्देशों का पालन करना अनिवार्य हैः–

1. कृपया संलग्न प्रारूप पर अपनी सहभागिता की सहमति दिनाँक, **8 अक्टूबर, 2025** तक कुलसचिव कार्यालय के ई–मेल registrar.buat@gmail.com व पत्र के माध्यम से अवश्य उपलब्ध करा दें।
2. दिनांक **15 अक्टूबर, 2025 दिन बुधवार प्रातः 10:00 बजे संबंधित अधिष्ठाता कार्यालय** में उपस्थित होकर अनिवार्य रूप से रू. 200 /– की धनराशि जमा करके निर्धारित रंग की उत्तरीय एवं पगड़ी प्राप्त करेंगें तथा अपने पास सुरक्षित एवं सही रूप से रखेंगे। समारोह में भाग लेने के लिये उत्तरीय एवं पगड़ी प्राप्त करना एवं उसे धारण करना अनिवार्य है।

स्नातक स्तर हेतु	– गुलाबी रंग की पगड़ी एवं उत्तरीय
परास्नातक स्तर हेतु	– हल्के धूमिल लाल रंग (पीच कलर) की पगड़ी एवं उत्तरीय
पी–एचडी0 स्तर हेतु	– पीले रंग की पगड़ी एवं उत्तरीय

3. दीक्षान्त समारोह की निर्धारित दिनांक **16 अक्टूबर, 2025** से एक दिन पूर्व अर्थात् दिनांक **15 अक्टूबर, 2025, दिन बुधवार** को दीक्षान्त समारोह स्थल उद्यान महाविद्यालय में पूर्वाभ्यास होगा जिसमें डिग्री लेने वाले सभी छात्र / छात्राओं की प्रतिभागिता अनिवार्य होगी।
4. उपाधि प्राप्त करने वाले छात्रों को पोशाक के रूप में सफेद कुर्ता–पैजामा एवं छात्राओं के लिए सफेद सलवार–सूट, सफेद दुपट्टा के साथ (अनिवार्य रूप से) पहन कर आना होगा। सम्पूर्ण दीक्षान्त समारोह कार्यक्रम के दौरान उपाधि धारक पूर्णतया अनुशासन में रहेंगे।
5. दीक्षान्त समारोह के उपरान्त उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र / छात्राओं के लिए दीक्षान्त समारोह में निःशुल्क लंच की व्यवस्था विश्वविद्यालय द्वारा की जायेगी।

संलग्नकः सहभागिता की सहमति हेतु निर्धारित प्रारूप।

20.09.2025
(एस0के0 सिंह)
कुलसचिव

प्रेषक

.... आई.डी. नं.........................

.... डिग्री कार्यक्रम..................

....

सेवा में,

कुलसचिव,
बाँदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय,
बाँदा–210001 (उ0प्र0)।

महोदय,

आपके पत्र संख्या /बीयूएटी/कु0स0/2025 दिनांकः ..../09/2025 के सन्दर्भ में निवेदन करना है कि मैं विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षान्त समारोह (**16 अक्टूबर, 2025**) में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर उपाधि प्राप्त करूँगा/करूंगी। मैं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक **15 अक्टूबर, 2025** को विश्वविद्यालय में उपस्थित हो जाऊँगा/जाऊंगी एवं पूर्वाभ्यास में भाग लेकर दीक्षान्त समारोह में उपस्थित रहूँगा/रहूंगी।

1. छात्र/छात्रा का नामः–
   (हिन्दी में)...
   (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) ....

2. उपाधि जो प्राप्त करनी हैः–
   महाविद्यालय ....उपाधि .... (बैच)............................

दिनांकः ....

भवदीय

हस्ताक्षर ....

नामः ....

मो0 नं0 ....

पूर्ण पताः ....

20.09.2025